


सांध्य दैनिक
# 4PM
जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 76 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, बुधवार, 20 अप्रैल, 2022

मूल्य ₹ 3/-




असफलता तभी आती है जब हम अपने आदर्श, उद्देश्य, और सिद्धांत भूल जाते हैं।
-जवाहरलाल नेहरु


कुमार विश्वास के घर पहुंची पंजाब... 8 | मनरेगा के धन से होगा निराश्रित... 3 | धार्मिक परिसर के बाहर न आए... 7


# जहांगीरपुरी हिंसा : बुलडोजर पर 'सुप्रीम' ब्रेक, कल होगी सुनवाई

» सुप्रीम कोर्ट ने दिया यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश

» उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने रोका अतिक्रमण विरोधी अभियान

» आदेश आने के पहले कई अवैध निर्माणों को किया गया ध्वस्त

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। हनुमान जयंती के मौके पर हिंसा के बाद सुर्खियों में आए दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में आज उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलवाया। बुलडोजर के एक्शन का एक घंटा ही हुआ था कि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया और अदालत ने अभियान पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया। आदेश के बाद कार्रवाई को रोक दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर कल सुनवाई करेगा। हालांकि आदेश आने के पहले तक यहां कई अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया था।

जहांगीरपुरी इलाके में आज सुबह अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटाने को कार्रवाई शुरू की गई। सबसे पहले कुशल चौक पर रेहड़ियों को तोड़ा गया। यहीं पर 16 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के दौरान शोभायात्रा पर पथराव किया गया था। इसके बाद मस्जिद के सौ मीटर के दायरे में बने अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया। मंदिर के सामने से भी अतिक्रमण को हटाया गया। कई मकानों के अवैध हिस्से को गिरा दिया गया। कुल आधा दर्जन बुलडोजरों ने यह कार्रवाई की। इस इलाके में आज और कल दो दिनों तक अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होनी थी लेकिन रोक के बाद अभियान को बंद कर दिया गया। इस दौरान सीपीआईएम नेता वृंदा करात मौके पर पहुंचीं और दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर दीपेंद्र पाठक को सुप्रीम कोर्ट का आदेश फोन पर दिखाया। वहीं उत्तरी दिल्ली नगर निगम के मेयर राजा इकबाल सिंह का कहना है कि ये हमारे रूटीन का काम है। अवैध निर्माण और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को खाली कराया जाता है। स्पेशल सीपी दीपेंद्र पाठक ने कहा है कि वृंदा करात ने उन्हें कोर्ट के आदेश के बारे में बताया है। अब कार्रवाई रोक दी गई है। हालांकि रास्ते में पड़े मलबे को हटाने का काम चल रहा है। गौरतलब है कि कोर्ट का आधिकारिक आदेश मिलने तक अभियान जारी रहा।



### दिल्ली हाईकोर्ट सुनवाई के लिए तैयार

सुप्रीम कोर्ट के साथ दिल्ली हाईकोर्ट में भी अतिक्रमण हटाने के अभियान के खिलाफ याचिका डाली गई है, जिसकी सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय तैयार हो गया है। हालांकि हाईकोर्ट ने कहा है कि वह याचिका पर सुनवाई जरूर करेगा लेकिन इस स्थिति में मामले में कोई दखल नहीं देगा।

### क्या कहा कोर्ट ने

मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौजूदा हालात में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि याचिका को उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने एनडीएमसी और पीडब्ल्यूडी सहित अन्य नगर निकायों के विशेष अतिक्रमण रोधी अभियान के खिलाफ दायर एक याचिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि निर्माण ढहाने के लिए पूरी तरह से अनाधिकृत और असंवैधानिक आदेश दिया गया है। दवे ने आरोप लगाया कि निर्माण ढहाने की कार्रवाई आज दोपहर दो बजे शुरू होनी थी, लेकिन यह सुबह नौ बजे से ही प्रारंभ कर दी गई और कथित उल्लंघनकर्ताओं को इस बाबत कोई अनिवार्य नोटिस नहीं दिया गया है।

### राहुल गांधी ने साधा पीएम मोदी पर निशाना



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, आठ साल की बड़ी चर्चा के परिणामस्वरूप भारत के पास केवल आठ दिनों का कोयला भंडार है। मोदी जी, महंगाई का दौर चल रहा है। बिजली कटौती से छोटे उद्योग धराशायी हो जाएंगे, जिससे नौकरियों का और नुकसान होगा। मोदी जी नफरत के बुलडोजर बंद करो और बिजली संयंत्रों को चालू करो।



"नियम-कानून, सुप्रीम कोर्ट सबसे ऊपर हो गई है बीजेपी। ये गुंडों की पार्टी पूरी दिल्ली को बर्बाद करेगी। ये बुलडोजर पूरी दिल्ली में चलेगा। लाखों गुप्ता, तिवारी, यादव, जाट, गुजर, सिंह, मुसलमान रोते-चीखते रहेंगे।

संजय सिंह, आप सांसद



"कानून और संविधान पर बुलडोजर चला दिया गया। कम से कम सुप्रीम कोर्ट और उसके आदेश पर बुलडोजर नहीं चलाना चाहिए था।

वृंदा करात, वरिष्ठ नेता, सीपीआईएम

## कोरोना संक्रमण पर सीएम ने बुलायी बैठक, बोले
# बच्चों की सेहत को लेकर रहें सतर्क

» स्कूलों में बच्चों को कोविड प्रोटोकॉल पर करें जागरुक

» चौबीस घंटे में गौतमबुद्धनगर में 103 और गाजियाबाद में 33 पॉजिटिव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज फिर टीम नाइन की बैठक बुलायी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से विभिन्न राज्यों में कोविड के केसों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एनसीआर के जिलों में भी इसका प्रभाव है। 24 घंटे में गौतमबुद्ध नगर में 103 और गाजियाबाद में 33 नए पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है।

नोएडा और गाजियाबाद के स्कूलों में बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना होगा। स्कूलों में कोविड प्रोटोकॉल के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाए।



### प्रदेश में एक्टिव केस 856 हुए

सीएम ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 856 है। विगत 24 घंटों में 1 लाख 13 हजार कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 170 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 110 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। हमें पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी।

गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत व लखनऊ में टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर वैक्सीनेट किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल हो। एनसीआर के जिलों व लखनऊ में सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क को प्रभावी ढंग से लागू करें।

# सहारनपुर में सपा को झटका, वरिष्ठ नेता सिकंदर अली का इस्तीफा

» सपा प्रमुख पर मुस्लिमों की अनदेखी का लगाया आरोप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में मिली हार के बाद सपा में मुस्लिम नेताओं के बगावती सुर तेज हो गए हैं। इसी क्रम में सहारनपुर के वरिष्ठ सपा नेता सिकंदर अली ने सपा प्रमुख पर आरोप लगाते हुए पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश पर मुस्लिम समाज की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम नेताओं के खिलाफ हो रही कार्रवाई पर सपा प्रमुख की चुप्पी से उन्हें घुटन हो रही थी।



सपा के पूर्व जिला महासचिव समेत अन्य विभिन्न पदों पर आसीन रहे सपा नेता सिकंदर अली ने कहा कि आजम खान की गिरफ्तारी समेत कई मामलों में सपा प्रमुख चुप्पी साधे हैं। सपा प्रमुख मुसलमानों का वोट लेकर ही 111 सीटों पर जीते हैं लेकिन जिस तरह से आजम खान और नाहिद हसन के मसले पर उन्होंने कुछ नहीं किया। इससे साफ है कि जब वे एक विधायक के लिए खड़े नहीं हो सकते तो आम कार्यकर्ता का क्या साथ देंगे। मुस्लिम समाज के उत्पीड़न के मामलों पर सपा प्रमुख कोई भी प्रतिक्रिया नहीं देते जबकि मुसलमानों ने उन्हें हमेश वोट दिया।

# अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों में दें बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं : बृजेश पाठक

## » यूपी में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की नब्ज टटोल रहे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अस्पताल और चिकित्सा संस्थानों का लगातार निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की नब्ज टटोल रहे उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने इशारा दे दिया है कि अव्यवस्थाओं के लिए संसाधन की कमी का बहाना न बनाया जाए। सरकार अस्पतालों में बेड और मैनपावर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन अभी जितने संसाधन उपलब्ध हैं, उतने में ही जनता को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं दी जाएं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लखनऊ के चिकित्सा संस्थानों के निदेशकों व सीएमएस के साथ बैठक की।

उन्होंने अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने और उनके इलाज के संबंध में कई निर्देश दिए। कहा कि हमारा उद्देश्य है कि चिकित्सा संस्थानों में मौजूदा समय में उपलब्ध संसाधनों में



ही प्रदेश की जनता को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सरकार संस्थानों में बेड और मैनपावर बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उसके लिए हरसंभव प्रयास सरकार करेगी। पाठक ने निर्देशित किया कि चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध बेड की संख्या को आनलाइन और संस्थान के डिस्प्ले बोर्ड पर आवश्यक रूप से प्रदर्शित किया जाए, जिससे मरीजों और तीमारदारों को बेड उपलब्धता का पता चल सके। इसके साथ ही ओपीडी में डाक्टर के मिलने का समय भी डिस्प्ले किया जाए। साथ ही कहा कि प्रत्येक संस्थान के डॉक्टर और अन्य स्टाफ मरीजों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। मरीज व उसके तीमारदार को यह महसूस भी होना चाहिए कि अच्छी देखभाल की जा रही है। इसके अलावा बैठक में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए तय किया है कि सरकारी मेडिकल कालेजों व जिला अस्पतालों में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना कर सीटें बढ़ाई जाएंगी। संसाधन निचले स्तर तक बढ़ाने पर जोर है। हर आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन होगा। इन्हें प्री-प्राइमरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। कम से कम 5000 नए आंगनबाड़ी केन्द्रों को बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# गांवों में खेले को बढ़ावा देने के लिए बनेंगे 5000 मैदान : केशव मौर्य

## » नई प्रतिभाओं के निखरने के साथ श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों में इस वर्ष 5000 खेल के मैदानों का निर्माण कराए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है, इससे जहां खेल प्रतिभाएं निखरेंगी, वहीं मनरेगा के तहत श्रमिकों को रोजगार भी प्राप्त होगा। केशव मौर्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत खेल के मैदान बनेंगे। इसे मनरेगा पार्क के रूप में विकसित कराया जाएगा। यह खेल के मैदान ग्रामीण खेल प्रतिभाओं की प्रतिभा को उभारने व निखारने में सहायक बनेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम्य विकास विभाग की ओर से इस प्रकार की कार्य योजना बनाई गई है। इसके पहले भी ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 11000 खेल के मैदानों का निर्माण कराया जा चुका है और अब लगभग 5000 खेल के मैदानों का निर्माण कराए जाने हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा व इको सिस्टम के संचालन को दुरुस्त रखने के लिए मनरेगा व उद्यान विभाग के मध्य समन्वय बनाते हुए किसानों की भूमि पर फलदार पौधों का रोपण, फूलों की खेती, नर्सरी की स्थापना संबंधी कार्य कराए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिगत जल सुधार व जल संरक्षण के लिए मनरेगा के तहत चेक डैम निर्माण, तालाब निर्माण व पुनरुद्धार सहित सिंचाई संबंधी कार्य भी कराए जाएंगे। मनरेगा के तहत गांव में कैटल शेड व हाईटेक नर्सरी बनाने की कार्ययोजना बनाई गई है। नदियों के किनारे पौधारोपण, उनके किनारे पड़ने वाले तालाबों का पुनरुद्धार और वहां यदि कोई नाला जा रहा है तो उसकी सफाई आदि के कार्य भी कराए जाएंगे।

# जल्द नई तबादला नीति लाएगी योगी सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी में राज्य कर्मियों के लिए सालाना तबादला नीति जल्द आने वाली है। इस बार अधिकतर ऑनलाइन तबादले किए जाएंगे। मेरिट के आधार पर अच्छे काम करने वालों को मनचाहे जिलों में तैनाती दी जाएगी। इसके लिए उनसे ऑनलाइन विकल्प लिए जाएंगे। तीन साल से एक ही जिले में कर्मचारी इसके दायरे में आएंगे। कार्मिक विभाग ने इसके लिए प्रारूप तैयार कर लिया है और कैबिनेट मंजूरी के बाद इसे लागू किया जाएगा। राज्य सरकार हर साल तबादला नीति लाती है। इसके लिए सभी विभागों से मानव संपदा पोर्टल पर अधिकारियों और कर्मचारियों का ब्यौरा ऑनलाइन कराया जा रहा है। प्रस्ताव के मुताबिक समूह 'क' व 'ख' के जो अधिकारी अपने सेवाकाल में एक ही जिले में तीन साल और मंडल में सात वर्ष पूरा करने वाले इसके दायरे में आएंगे। समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह मंडल और समूह 'ख' के अधिकारियों को उनके गृह जिले में तैनात न करने का प्रस्ताव है।

# हर विधान सभा क्षेत्र में बनेगा 100 बेड का अस्पताल

## » हेल्थ सेक्टर के प्रेजेंटेशन में योगी ने तय किया लक्ष्य

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। पहले कार्यकाल में कोरोना से जूझते-लड़ते और जीतते चली प्रदेश की योगी सरकार ने एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज जैसा बड़ा लक्ष्य रखा और दावा है कि 61 मेडिकल कालेज तैयार हो गए। बाकी 14 जिलों में काम शुरू होने वाला है। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरे कार्यकाल के लिए संकल्प लिया है कि हर विधानसभा क्षेत्र में एक सौ शैय्या अस्पताल होगा। पांच वर्षों के लिए तय चरणवार लक्ष्यों में हर जिले में निशुल्क डायलिसिस की सुविधा और प्रत्येक जिले में जिला अस्पताल के अलावा एक फर्स्ट रेफरल यूनिट की व्यवस्था भी शामिल की गई है।

योगी मंत्रिमंडल के समक्ष मंगलवार को एनेक्सी भवन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेक्टर की चरणबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। बिंदुवार समीक्षा के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले पांच वर्ष में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश में अभूतपूर्व काम हुआ

### राज्य कर्मचारी और पेंशनरों को मिलेगा कैशलेस इलाज

योगी सरकार ने अगले सौ दिन के लक्ष्य में रखा है कि सभी राज्य कर्मचारी और पेंशनरों को कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। वहीं सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य सखियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाया जाएगा। मानसिक रोगियों की सहायता के लिए निजी स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लेने का सुझाव सीएम ने दिया है। कहा है कि आगरा, बरेली और वाराणसी के मानसिक चिकित्सालयों में उन्मुखीकरण केंद्र खोला जाना चाहिए, ताकि आमजन को मानसिक रोग के संबंध में सही-सटीक जानकारी दी जा सके।



है। इंसेफेलाइटिस उन्मूलन का प्रयास हो या कोविड प्रबंधन, प्रदेश को वैश्विक संस्थाओं से सराहना मिली है। एक टीम के रूप में यह प्रयास सतत जारी रखा जाए। नियोजित प्रयासों से एनएचआरएम और एनएचएम जैसी योजनाओं को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया गया है। यह शुचिता बनी रहे। भ्रष्टाचार की हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कठोरतम कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने लक्ष्य तय किए। कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में 100 शैय्या के अस्पताल की उपलब्धता कराई जाए। विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध रूप से इसे पूरा कराएं। जिस तरह पिछले पांच वर्षों में 5000 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों की स्थापना की गई, उसी तरह अगले पांच वर्ष में 10,000 नए उपकेंद्र बनाने हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि हर जिले में निशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि बेहतर चिकित्सा सेवाओं के लिए डाक्टरों और नर्सों की पर्याप्त तैनाती होनी चाहिए। डॉक्टर और नर्स का अनुपात एक-एक हो। आवश्यकता के अनुसार पद सृजित कर योग्य प्रोफेशनल का चयन किया जाए।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के करीबी को एसटीएफ ने घर से उठाया

## » चुनाव के दौरान सपा में शामिल हुआ था युवक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। सपा नेता और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के बेहद करीबी माने जाने वाले युवक अरमान खान को एसटीएफ लखनऊ की टीम ने उसके घर से उठा लिया है। एसटीएफ की टीम ने युवक को कुशीनगर के पडरौना स्थित उसके मकान से हिरासत में लिया है। अरमान को एसटीएफ द्वारा हिरासत में लिए जाने से हड़कंप मच गया। उस पर धोखाधड़ी का आरोप बताया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा छोड़ सपा में शामिल हुए स्वामी प्रसाद मौर्य के करीबी अरमान खान पर एसटीएफ की कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। उस पर कुछ लोगों से धोखाधड़ी करके रुपया ऐंठने का आरोप बताया जा रहा है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। युवक के पिता ने बताया है कि कुछ लोग पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का कार्यक्रम लेने के बहाने घर में आए और फिर उनके लड़के को अपने साथ लेकर चले गए। कुशीनगर पुलिस के अधिकारियों ने इस विषय पर कुछ भी बोलने से इंकार किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टीम के लोगों ने युवक को हिरासत में लेकर जाते समय मुहल्ले के लोगों द्वारा पूछताछ करने पर बताते हुए रास्ते से हटने की बात कही। इसके बाद टीम में शामिल एसटीएफ के लोग काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठकर लेकर चले गए। बाद में परिजनों ने पडरौना कोतवाली जाकर पूछताछ की तो उन्हें पता चला कि उनके बेटे को हिरासत में लिया गया है।





# विधान सभा में सीटें 379 से बढ़कर हुईं 404

## » अब सभी सदस्यों की तय होगी अपनी सीट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लोगों को शायद यह पता न हो कि विधानसभा के लिए जितने सदस्य निर्वाचित होते रहे हैं, सदन में उतने सदस्यों को बैठने के लिए भी सीट नहीं थीं। अब 18वीं विधानसभा की पहली बैठक से सभी सदस्यों की अपनी तय सीट होगी। इसके लिए सदन में सीटों को बढ़ाने का काम तेजी से चल रहा है। इसी तरह 'ई-विधान' व्यवस्था लागू कर सदन कई अन्य नई पहल की ओर कदम बढ़ाने जा रहा है।

विधानसभा सदन में 403 विधायकों और एक महाधिवक्ता को मिलाकर कुल 404 सीटों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा विधान परिषद सदस्य के रूप में मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री भी विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने व



प्रश्नों का जवाब देने के लिए उपस्थित होते हैं। इनके लिए भी विधानसभा में अतिरिक्त सीटों की आवश्यकता होती है। ऐसे में सदन में नियमित तौर पर 404 से अधिक सदस्यों के बैठने के लिए सीटों की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी तक सिर्फ 379 सदस्यों के ही बैठने की व्यवस्था रही है। पर्याप्त सीट न होने से विधायकों का स्थान भी निश्चित नहीं था। इससे दलीय व्यवस्था में निर्धारित सीटों में जो सदस्य जहां स्थान पाता था, बैठ जाता था। बैठकों के दौरान तमाम सदस्यों की अनुपस्थिति की वजह से यह व्यवस्था चलती आ रही थी। यही व्यवस्था तब भी थी जब उत्तराखंड गठन के पूर्व विधानसभा सदस्यों की संख्या 425 हुआ करती थी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस समस्या के स्थायी समाधान की पहल की है। विधानसभा की सीटें बढ़ाई जा रही हैं। महाना ने बताया कि विधानसभा में 25 सीटें बढ़ाने का काम पूरा हो गया है। अब विधानसभा में सीटों की संख्या 379 से बढ़कर 404 हो गई हैं। यह सभी 403 निर्वाचित सदस्यों व महाधिवक्ता के लिए आवश्यक 404 सीटों के बराबर है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि प्रत्येक सदस्य की सीट सुनिश्चित करने का रास्ता बन गया है।

# मनरेगा के धन से होगा निराश्रित पशुओं के चारे का इंतजाम

## फिजूलखर्ची से बचने के लिए सरकार भूसे का प्रबंध करने में जुटी

» चारे की व्यवस्था के लिए पशुपालन विभाग को भी करना होगा सहयोग

4पीएम न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निराश्रित पशुओं के चारे (भूसा) का इंतजाम अब तेजी से होगा ताकि आने वाले दिनों में सरकार को फिजूलखर्च न करना पड़े। इस समय गेहूं की कटाई होने से चारा सस्ता है। सरकार ने चारे की व्यवस्था करने के लिए मनरेगा या फिर वित्त विभाग से प्रबंध करने का आदेश दिया है, साथ ही पशुपालन विभाग को भी इसमें सहयोग करना होगा। प्रदेश में 98 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहूं की खेती होती है, इधर के वर्षों में मजदूरों की कमी होने से गेहूं की कटाई व मड़ाई कंबाइन हार्वेस्टर से कराई जा रही है।

किसान फसल अवशेष को जला देते हैं इससे वातावरण प्रदूषित होता है साथ ही मिट्टी के पोषकतत्व भी नष्ट होते हैं। सरकार ने इस पर अंकुश लगाने के अलावा निराश्रित पशुओं के लिए अवशेष का प्रबंधन चारे के रूप में करने का आदेश दिया है। पशुओं को गेहूं का फसल अवशेष सर्वाधिक पसंद है। इन दिनों फसल अवशेष भूसा के रूप में चार से पांच रुपये प्रति किलो है, जो सितंबर से मार्च तक 10 से 12 रुपये प्रति किलो हो जाता है। किसान कंबाइन हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई करके अवशेष खेतों में छोड़ देते हैं। उन किसानों के खेतों से फसल अवशेष स्ट्रा-रीपर से भूसे में परिवर्तित कराकर निराश्रित गोशालाओं में आपूर्ति कराई जाएगी। विशेष सचिव ऋषिरेंद्र कुमार की ओर से मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि इसमें पशुपालन विभाग को भी शामिल किया जाए। फसल अवशेष संग्रह कराने के लिए धन का इंतजाम मनरेगा या वित्त आयोग से कराया जाए। खेतों से गोशाला तक ढुलान संबंधी पंचायतीराज विभाग का शासनादेश भी प्रभावी होगा। इससे चारे की समस्या का निदान हो जाएगा।



### बटाईदार भी होंगे मुआवजे के हकदार

खेती के दौरान कई बार किसानों के साथ अक्सर हादसे घटित हो जाते हैं। ऐसे में परिवार पीछे छूट जाता है। वह नहीं जानता कि आगे क्या करना है। ऐसे किसान परिवारों के भविष्यों को सुरक्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत यदि किसान खेती करते समय मरता है या विकलांग हो जाता है तो उसके परिवार के सदस्यों को मुआवजे के रूप में क्रमश: पांच लाख और दो लाख रुपये मिलेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना का लाभ किसान की पत्नी, बेटे, बेटी, पोते, पोती यहां तक कि बटाईदारों को भी हस्तांतरित किया जाएगा।

### किसानों से खरीदा जाएगा गोबर

आवारा पशुओं की समस्या विधान सभा चुनावों के दौरान काफी जोरशोर से उठाई गई थी और इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी के चुनाव प्रचार के समय कहा था कि वो दोबारा सत्ता में आए तो इसका समाधान करेंगे। ऐसे में योगी सरकार ने प्लान बनाया है कि 100 दिनों के अंदर 50,000 आवारा जानवरों को शेल्टर मुहैया करवाया जाएगा। इसके अलावा पूरे राज्य में गौ अभयारण्य, 50 मेगा गौ शेल्टर्स बनाए जाएंगे। सरकार के अगले एजेंडे में बायोगैस प्लांट स्थापित करना है जिसमें गाय के गोबर का इस्तेमाल करके सीएनजी बनाई जाएगी। यह पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत होगा। इन गाय के गोबर को सीधे किसानों से खरीदा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव प्रचार के समय किसानों से वादा किया था कि अगर गाय दूध देना बंद कर देती है तो वो गोबर से आय लाएगी। उन्होंने कहा था कि इस लाभ के कारण लोग आवारा पशुओं को गोद लेंगे।

# अब लोक सभा चुनाव पर नजर, वादों को पूरा करने में जुटी प्रदेश सरकार

» तय की गयी योजनाओं को जमीन पर उतारने की प्राथमिकता


» इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से काम करने पर फोकस, एक्शन प्लान तैयार

» स्मार्टफोन और टैबलेट देने की तैयारी,काशी कॉरिडोर फेज-दो पर काम

4पीएम न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत से सत्ता में लौटी भाजपा की नजर अब लोक सभा चुनाव पर टिक गयी है। चुनाव से पहले योगी सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में जुट गयी है। इसके लिए एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके साथ प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से काम करने पर भी फोकस किया जा रहा है।

एक ओर सीएम योगी पर उम्मीदों और अपेक्षा का बोझ है तो दूसरी ओर लोक सभा चुनाव में प्रदेश में अधिक से अधिक सीटें दिलाने का लक्ष्य भी है। लिहाजा सरकार तेजी से एक्टिव हो गयी है। चुनाव से पूर्व किए गए वादों को पूरा करने के लिए सभी विभागों से 100 दिन की कार्य योजना बनाने का निर्देश जारी किया गया था। इस कार्य योजना के बाद अगले 100 दिन में प्रदेश की जनता को कई योजनाओं का लाभ मिल सकता है। दरअसल, सरकार 2024 लोक सभा चुनाव से पहले यह मैसेज देना चाहती है कि वह काम करने वाली सरकार है। सरकार ने युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने का ऐलान किया था। अब इस लक्ष्य के 100 दिन के भीतर पूरा करने टारगेट ले लिया गया है। ऐसे में सरकार जल्द ही इसके लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। पिछली बार के टेंडर मार्च तक हुए थे, ऐसे में एक बार फिर से टेंडर प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी। माना जा रहा है कि एक महीने के बाद टेंडर प्रक्रिया फाइनल हो जाएगी। इसके बाद युवाओं को युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन दिया जा सकेगा। वहीं 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का काम 91 फीसदी तक पूरा कर लिया गया है। यह एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड को दिल्ली और लखनऊ से जोड़ेगा। 296 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया होते हुए इटावा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। अब बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को 100 दिन के भीतर शुरू करने का लक्ष्य योगी सरकार ने रखा है। इसके अलावा पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में काशी कॉरिडोर फेज-दो को भी 100 दिनों में शुरू कर दिया जाएगा। काम पूरा होने के बाद श्रद्धालु गंगा स्नान कर सीधे गर्भगृह में आकर बाबा विश्वनाथ का अभिषेक कर सकेंगे। विधान सभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने कॉरिडोर फेज-1 का लोकार्पण किया था। इसके विकसित होने से पर्यटकों के लिए यह बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। इसके साथ ही पर्यटन सुविधा केंद्र, टिकट बूथ, कैफेटेरिया, पब्लिक प्रोमिनार्ड वॉल आर्ट और म्यूरल, सेल्फी पॉइंट, योग और मेडिटेशन केंद्र का भी निर्माण हो रहा है।



### आजमगढ़ हवाई अड्डे को शुरू करने की योजना

विधान सभा चुनाव में भाजपा आजमगढ़ में भले ही एक सीट न जीत पाई हो लेकिन वहां तैयार हवाई अड्डा 100 दिन के अंदर शुरू हो जाएगा। योगी सरकार ने इसको पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसका कामकाज तेज कर दिया गया है। एयरपोर्ट से 100 दिनों के भीतर उड़ानों का संचालन किया जाएगा। यहां एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

### छात्राओं को मिलेगी स्कूटी

सरकार ने छात्राओं को स्कूटी देने का वादा किया था। इसको भी सरकार 100 दिन के अंदर पूरा करना चाहती है। भाजपा ने स्कूटी देने की बात 2022 के चुनावी लोक कल्याण संकल्प पत्र में की थी। इसमें तय हुआ था कि आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त स्कूटी दी जाएगी। इसका नाम रानी लक्ष्मीबाई योजना होगा। इस योजना के लिए छात्राओं को स्कूटी देने के वादे को अमल में लाया जाएगा। इस योजना के लिए उच्च शिक्षा को नोडल बनाया गया है।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# महंगाई की मार से कराहता आम आदमी

**सवाल यह है कि महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा रही है? कोरोना काल में बेरोजगारी की मार झेल रहा आम आदमी अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण कैसे करेगा? क्या महामारी काल में अर्थव्यवस्था को बाजार के हवाले करना उचित है? क्या लोकतांत्रिक प्रणाली में जनता को उसके हाल पर छोड़ा जा सकता है?**

*कोरोना काल में आम आदमी को महंगाई का झटका लग रहा है। थोक महंगाई दर 14.55 और खुदरा महंगाई दर 6.95 फीसदी तक पहुंच गयी है। खाद्य पदार्थों पर थोक महंगाई दर 8.47 से बढ़कर 8.71 फीसदी पर पहुंच गई है। वहीं खुदरा महंगाई दर पिछले 17 माह में सबसे ज्यादा है। लगातार बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी की हालत पतली हो गयी है। गरीबों की हालत सबसे अधिक खराब है। उन्हें दो जून की रोटी का इंतजाम करना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा रही है? कोरोना काल में बेरोजगारी की मार झेल रहा आम आदमी अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण कैसे करेगा? क्या महामारी काल में अर्थव्यवस्था को बाजार के हवाले करना उचित है? क्या लोकतांत्रिक प्रणाली में जनता को उसके हाल पर छोड़ा जा सकता है? क्या वस्तुओं के मूल्य निर्धारण की जरूरत सरकार को समझ नहीं आ रही है? क्या आम आदमी के जीवन और जीविका की सुरक्षा करना सरकार का दायित्व नहीं है?*

*देश की जनता कोरोना और महंगाई की दोहरी मार झेल रही है। कोरोना काल में लाखों लोग बेरोजगार हो चुके हैं। लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उनकी क्रय शक्ति क्षीण हो गयी है। लिहाजा बाजार में पूंजी का प्रवाह कम हो गया है। मांग और आपूर्ति में असंतुलन पैदा हो चुका है। पेट्रोल-डीजल के दामों में इजाफे का असर दिखने लगा है। ढुलाई भाड़ा बढ़ने के कारण सब्जी से लेकर खाद्य पदार्थ तक महंगे होते जा रहे हैं। इनके दामों में बीस से तीस फीसदी तक की वृद्धि हो गयी है। दवाओं के दामों में भी इजाफा हो चुका है। सरकारी आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं। इसके मुताबिक मार्च में खाद्य पदार्थों पर थोक महंगाई दर 8.47 से बढ़कर 8.71 फीसदी हो चुकी है। ईंधन और बिजली पर महंगाई दर 31.50 से बढ़कर 34.52 फीसदी पर आ गई है। क्रूड और पेट्रोलियम पदार्थों पर महंगाई दर 83.56 फीसदी पहुंच गई है। हालात ये हैं कि देश में थोक महंगाई दर का आंकड़ा बीते 12 महीनों से दोहरे अंकों में बना हुआ है। इसमें दो राय नहीं कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई में इजाफा हुआ है और पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी है बावजूद इसके सरकार को आम आदमी को राहत देने के लिए महंगाई पर नियंत्रण लगाने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने चाहिए। सरकार को यह बात समझनी होगी कि बिना क्रय शक्ति को बढ़ाए देश की अर्थव्यवस्था में इजाफा नहीं किया जा सकता है। लंबे समय तक बरकरार महंगाई देश के विकास और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद घातक साबित हो सकती है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# लंबे होने चाहिए कानून के हाथ

आशुतोष चतुर्वेदी

पुरानी कहावत है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं लेकिन अपने देश के संदर्भ में कभी-कभी इस पर संशय होने लगता है। पश्चिमी देशों में सैकड़ों खामियां हैं। उनकी औपनिवेशिक नीतियों ने दुनिया के सैकड़ों देशों और समाजों को तबाह कर दिया। अनेक ऐसे विषय है, जिनको लेकर उनकी कटु आलोचना की जा सकती है, लेकिन नियम-कानून सबके लिए बराबर होता है, यह उनसे सीखा जा सकता है अगर कानून का पालन नहीं करेंगे, तो आप भले ही कितने खास हों, आपको कोई रियायत नहीं मिलेगी। इसकी तुलना में भारत में किसी कोने में किसी मंत्री अथवा सेलिब्रिटी के बेटे को हाथ लगाकर तो देखिए, किस तरह पूरे तंत्र पर हल्ला बोल दिया जाता है। अपने देश में नेता व अधिकारी-पुत्रों की दबंगई के मामले रोजाना सामने आते हैं।

यह बात छुपी नहीं है कि भारत में प्रशासनिक कामकाज में भारी राजनीतिक हस्तक्षेप होता है। यहां नेता-अभिनेता को तो छोड़िए, उनके सगे संबंधी भी खुद को कानून से ऊपर मानते हैं। अधिकारियों की हिम्मत नहीं होती है कि कोई उनसे नियम-कानून का पालन करने की बात भी कह दे। सैकड़ों में एक मामला सामने आता है, जब कोई अधिकारी ऐसी हिम्मत दिखाता है। हाल में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और भारतीय मूल के ब्रिटिश वित्त मंत्री ऋषि सुनक पर कोरोना नियमों के उल्लंघन के आरोप में लंदन पुलिस ने जुर्माना लगाया। दोनों नेताओं ने इसे अदा भी किया और माफी भी मांगी। दरअसल, कोरोना काल के दौरान पीएम बोरिस जॉनसन ने अपने जन्मदिन के मौके पर अपने आधिकारिक निवास में एक पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें वित्त मंत्री ऋषि सुनक समेत चुनिंदा लोग शामिल हुए थे। उस दौरान ब्रिटेन में लॉक डाउन के नियम लागू थे और पार्टियों के आयोजन पर प्रतिबंध था। विपक्षी दल लेबर पार्टी ने इस मामले को उठाते हुए जॉनसन और सुनक के इस्तीफे की मांग की थी। सुनक ने भी माफी मांगी और जुर्माना भरा। सुनक ने कहा कि वे मानते हैं कि सार्वजनिक पदों पर आसीन लोगों के लिए नियमों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए, ताकि जन विश्वास कायम रहे। वे इस फैसले का सम्मान करते हैं। मुझे याद है जब मैं बीबीसी लंदन में कार्यरत था, उस दौरान टोनी ब्लेयर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री थे। उनका 16 साल का बेटा इम्तिहान खत्म होने की खुशी में एक पब में दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। इस दौरान उसे कुछ ज्यादा चढ़



गयी और पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था। ब्लेयर की पत्नी शैरी ब्लेयर को थाने जाकर बेटे को छुड़ाना पड़ा था। टोनी ब्लेयर या किसी अन्य ने उसके बचाव की कोई कोशिश नहीं की, बल्कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक बयान जारी कर इस घटना पर खेद प्रकट किया गया। इसी तरह ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच का वीजा रद्द कर दिया था। खेलने की अनुमति नहीं दी थी।

जोकोविच नौ बार ऑस्ट्रेलियन ओपेन जीत चुके हैं और 10वीं बार इस ट्रॉफी को जीतना चाहते थे. जोकोविच पुरुषों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी थी, जिन्हें कोरोना के दोनों टीके लग चुके थे। जोकोविच ने वैक्सीन नहीं लगवायी थी और वे वैक्सीन के घोर विरोधी हैं। वहीं कोरोना की दूसरी लहर में ब्राजील के राष्ट्रपति बोल्सोनारो को दो प्रसिद्ध फुटबॉल क्लबों सैंटोस और ग्रेमियो के बीच मुकाबला देखने की अनुमति नहीं दी गयी थी क्योंकि बोल्सोनारो ने कोरोना टीका नहीं लगवाया था।

कहने का आशय यह है कि संदेश साफ है कि भले ही आप आम हों या खास, लेकिन आप कानून से ऊपर नहीं हैं। भारत में नियम और कानून की अनदेखी जैसे हमारी प्रवृत्ति बन गयी है। उत्तर भारत में यह प्रवृत्ति अधिक है। इसकी एक वजह है कि आजादी के 75 वर्षों के दौरान अधिकांश समय सत्ता उत्तर भारतीयों के हाथों रही है। लोगों की सत्ता प्रतिष्ठान तक पहुंच बहुत आसान रही है। इसी वजह से नियम-कानूनों को तोड़ने का चलन बढ़ता गया है। यही वजह है कि भारतीय व्यवस्था की शुचिता पर खतरा लगातार गहराता जा रहा है।

आप गौर करें कि रेड लाइन उल्लंघन में फाइन देने के बजाय लोग पैरवी लगा कर छूटने की कोशिश करते हैं। हम लोग लाइन में खड़े होने को शान के खिलाफ मानते हैं। पिछले साल शादियों में शामिल होने की संख्या को लेकर राज्य सरकारों ने अनेक नियम बनाये थे, लेकिन लगातार उनकी अनदेखी की गयी। विवाह समारोहों की भीड़ ने कोरोना फैलाने में बड़ी भूमिका निभायी थी। हमें यह समझ लेना चाहिए कि नियम-कानूनों की अवहेलना की प्रवृत्ति सारी व्यवस्था को संकट में डाल सकती है।

# नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के मायने

प्रह्लाद सबनानी



नेपाल एक बहुत खूबसूरत दक्षिण एशियाई राष्ट्र है। नेपाल के उत्तर मे तिब्बत है तो इसके दक्षिण, पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमाएं लगती हैं। नेपाल के 81.3 प्रतिशत नागरिक सनातन हिन्दू धर्म को मानते हैं। नेपाल पूरे विश्व में प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिन्दू धर्मावलम्बी राष्ट्र है। नेपाल की राजभाषा नेपाली है और नेपाल के निवासियों को नेपाली कहा जाता है। वर्तमान नेपाली भू-भाग अठारहवीं शताब्दी में गोरखा के शाह वंशीय राजा पृथ्वी नारायण शाह द्वारा संगठित नेपाल राज्य का एक हिस्सा है। नेपाल की अंग्रेजों के साथ हुई तात्कालीन विभिन्न संधियों के अंतर्गत नेपाल को वर्ष 1814 में एक तिहाई नेपाली क्षेत्र ब्रिटिश इंडिया को देना पड़ा था और आज इस क्षेत्र का भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल में विलय हो चुका है।

ऐसा कहा जाता है कि नेपाल शब्द ने नामक ऋषि तथा 'पाल' अर्थात् गुफा से मिलकर बना है। ऐसा भी माना जाता है कि एक समय नेपाल की राजधानी काठमांडू ने नामक ऋषि का तपस्या स्थली थी। अत: ने नामक ऋषि द्वारा पालित होने के कारण इस भूखण्ड का नाम नेपाल पड़ा। नेपाल के पूर्णत: सनातन हिंदू धर्म से जुड़े होने के कई प्रमाण इतिहास में भी मौजूद हैं। 5,500 वर्ष ईसा पूर्व महाभारत काल में जब माता कुन्ती पुत्र पांच पांडव स्वर्गलोक की ओर प्रस्थान कर रहे थे उसी समय पाण्डुपुत्र भीम ने भगवान महादेव को दर्शन देने का आह्वान करते हुए विनती की थी। तभी भगवान शिवजी ने उन्हें एक लिंग के रूप में दर्शन दिये थे जो आज पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग के नाम से जाने जाते हैं। कुल मिलाकर नेपाल में सामाजिक जीवन की मान्यता, विश्वास और संस्कृति सनातन हिन्दू धर्म की भावना पर आधारित है। साथ ही, धार्मिक सहिष्णुता और जातिगत सहिष्णुता भी नेपाल की अपनी मौलिक संस्कृति का एक हिस्सा है। नेपाल, मार्च 2006 तक, एक हिंदू राष्ट्र था और नेपाल में आज भी 80 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदूओं की ही है। परंतु, नेपाल में चीन की शह पर माओवादी आंदोलन की सफलता के बाद राजनैतिक उठापटक के चलते, नवम्बर 2006 में माओवादी और सात अन्य राजनैतिक दलों के गठबंधन के बीच एक ऐतिहासिक व्यापक शांति समझौता हुआ था, जिसके परिणाम स्वरूप नेपाल में अंतरिम सरकार बनी थी और वर्ष 2006 में नेपाल में 240 वर्षों की राजशाही को समाप्त करते हुए एक अंतरिम संविधान लागू किया गया था जिसके अंतर्गत नेपाल के हिंदू राष्ट्र के दर्जे को समाप्त करते हुए इसे एक धर्मनिरपेक्ष देश घोषित कर दिया गया था हालांकि पूरे विश्व में ही सामान्यत: देश की बहुसंख्यक आबादी के धर्म के आधार पर देश को दर्जा प्रदान किया जाता है। आज पूरे विश्व में लगभग 57 देशों में इस्लाम मजहब को मानने वाले मतावलंबियों की जनसंख्या के आधार पर इन देशों ने अपने आप को मुस्लिम देश घोषित किया हुआ है। नेपाल में इस्लाम को मानने वाले मतावलंबियों की जनसंख्या मात्र 5 प्रतिशत के आसपास है और जब नेपाल एक हिंदू राष्ट्र था तब भी इसके हिंदू राष्ट्र होने में मुस्लिमों को कोई आपत्ति नहीं थी एवं अब जब नेपाल को एक बार पुन: हिंदू राष्ट्र बनाए की मांग जोर पकड़ने लगी है। साथ ही नेपाल में राजतंत्र की वापसी की मांग भी लगातार जोर पकड़ती जा रही है। इसके लिए नेपाल में वहां की जनता द्वारा हजारों की संख्या में बाकायदा जोरदार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। नेपाल में राजनीतिक दलों का भी अब कहना है कि देश में लोकतंत्र की रक्षा तथा राजनीतिक स्थिरता के लिए संवैधानिक राजशाही तथा हिंदू राष्ट्र की बहाली के अलावा कोई विकल्प नहीं है। फिर नेपाल को पुन: हिंदू राष्ट्र घोषित क्यों नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल नेपाल की राजनीति वहां की वामपंथी विचारधारा वाले दलों एवं अन्य दलों के इर्द गिर्द घूमती रहती है। वामपंथी विचारधारा वाले दलों को चीन से जबरदस्त समर्थन प्राप्त होता है और जब भी वामपंथी विचारधारा वाले दलों को नेपाल में बहुमत प्राप्त होता है वे राजशाही को समाप्त कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष देश बनाए रखने की बात करते रहते हैं। नेपाल का हिंदू राष्ट्र का दर्जा भी इसी विचारधारा के अंतर्गत समाप्त कर दिया गया था। हाल में वर्ष 2018 में भी नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टी द्वारा मिलकर एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी बनाई गई थी। परंतु दो साल बाद ही दोनों दलों के रास्ते अलग अलग हो चुके हैं। कुल मिलाकर चीन के सहयोग से नेपाल में राजनैतिक उठापटक के चलते ही नेपाल का हिंदू राष्ट्र का दर्जा समाप्त किया गया था। परंतु अब वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंटरनेशनल की सचिव अस्मिता भंडारी का कहना है कि नेपाल की एक पुरानी संस्कृति है। सनातन से नेपाल एक हिंदू राष्ट्र रहा है।

नेपाल के विभिन्न हिंदू संगठनों के साथ-साथ सत्तारुढ़ दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी भी लोकतंत्र की बजाए हिंदू राष्ट्र का समर्थन कर रही है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेता दीपक भंडारी का कहना है कि नेपाल में चूंकि 82 प्रतिशत आबादी हिन्दुओं की है अत: नेपाल को पुन: हिंदू राष्ट्र बनाया जाना चाहिए। नेपाल की पूरे विश्व में पहचान भी एक हिंदू राष्ट्र के रूप में ही रही है। परंतु नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी अभी भी नेपाल को हिंदू राष्ट बनाए जाने का विरोध कर रही हैं।



# ये चीजें देंगी गर्मी से राहत

उत्तर भारत में पारा खतरनाक स्तर तक पहुंचने लगा है। दिल्ली एनसीआर में तापमान 40 डिग्री से अधिक बढ़ने के साथ, हीटवेव कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए नींबू से बना एक लोकप्रिय पेय है नींबू पानी। नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है और इसमें उच्च स्तर का आहार फाइबर होता है, जो हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। गर्मी में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से बचने के लिए ज्यादातर लोग नींबू पानी पीते हैं। लेकिन गर्मी को मात देने के लिए सिर्फ नींबू पानी ही नहीं अन्य विकल्प भी हैं। जानें ऐसे ही कुछ हेल्दी शरबत के बारें में...

## बेल शरबत

यह पेय ताजे पके बेल फल के साथ बनाया जाता है यह पाचन विकारों में मदद करता है। बेल में विटामिन ए, बी1, बी2, सी, कैल्शियम, पोटेशियम और आयरन जैसे विटामिन और मिनरल्स होते हैं।

## खीरा कीवी जूस

यह शरबत इम्यूनिटी बनाता है, और वजन घटाने और टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करता है। यह शरबत खीरे और कीवी के ठंडे टुकड़ों से बनाया जाता है।

## तरबूज का शरबत

गर्मी के दिनों में तरबूज की स्मूदी बहुत स्वादिष्ट और हेल्दी होती है। केले और सेब के रस के साथ मिश्रित, यह शरबत विटामिन सी से भरपूर होता है। तरबूज की स्मूदी को पुदीने की पत्तियों से सजाया जाता है। यह पेय नींबू पानी का एक बेहतरीन विकल्प है।



## आम पन्ना

आम पन्ना गर्मियों का स्पेशल शरबत है जो कच्चे आम के गूदे को काला नमक, जीरा पाउडर और पुदीने की पत्तियों के साथ मिलाकर बनाया जाता है।



## इमली का रस

इमली का रस प्यास बुझाने वाला शरबत है। यह चटपटा ड्रिंक बेहतर पाचन और वजन घटाने जैसे सेहत संबंधी फायदे भी पहुंचाता है। सनस्ट्रोक के प्रभावों का मुकाबला करने के लिए यह एक आइडियल शरबत है। यह पेय इमली की फली और ताजा अदरक से बनाया जाता है।



## हंसना मना है

भिखारी: कुछ खाना दे दो। आंटी: अभी खाना बना नहीं है। भिखारी: ठीक है जब बन जाए तो मुझे फोन कर देना ये लो मेरा नंबर...आंटी बेहोश।

डॉक्टर ने मरीज को रोजाना 10 किलोमीटर चलने को कहा... सालभर बाद मरीज ने डॉक्टर को फोन किया। मरीज: सर रोज 10 किलोमीटर चलकर अमेरिका पहुंच गया हूं, यहीं रुक जाऊं या आगे रूस निकल जाऊं...

लड़की: मेरे होंठ कितने खराब हैं। डॉक्टर: प्लास्टिक सर्जरी करा लो। लड़की: कितने पैसे लगेंगे? डॉक्टर: छह लाख रुपए। लड़की: अगर प्लास्टिक मैं खुद ला दूं तो? डॉक्टर: फेविकॉल भी लेती आना फ्री में चिपका दूंगा।

मास्टर जी: आज तुमने लेट आने का क्या बहाना ढूंढा? स्टूडेंट: मैडम आज मैं इतना तेज दौड़कर आया कि बहाना सोचने का मौका ही नहीं मिला।


एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी... एक लड़का बोला: चांद तो रात में निकलता है, आज दिन में कैसे निकल आया? लड़की बोली: अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल उठा।

दोस्त: नीरज कहां हो तुम? नीरज: होटल में हूं, बहुत तेज बहुत भूख लग रही थी है इसलिए यहां खाना खा रही हूं, तुम कहां हो? दोस्त: लंगर में... तुम्हारे पीछे लाइन में खड़ी हूं, खीर मेरे लिए भी ले लेना।

## कहानी | छोटे हैं तो क्या हुआ

एक हाथी को अपनी शक्ति पर बड़ा घमंड था। छोटे जानवरों को वह अपने सामने बिलकुल कमजोर समझता था। वह धम-धम करके चलता था, जिससे आस-पास के छोटे प्राणी डर जाते थे। चलते समय वह यह भी नहीं देखता था कि पांव के नीचे क्या आ रहा है। कितने ही छोटे कीड़े और जानवर उसके पांव के नीचे पिचकर मर जाते थे। वह अकसर पानी पीने के लिए जंगल के पोखर पर आया करता था। फिर सूंड में पानी भरकर तेजी से उछलता था और जोर से चीखता था। उसकी धम-धम चाल से रोज कई मेढक उसके पांव के नीचे दबकर मर जाते थे। एक दिन एक बूढ़े और अनुभवी मेढक ने हाथी को प्यार से समझाया, अरे भाई, तुम रोज यहाँ पानी पीने आते हो और हमारे कई भाइयों को चोट पहुंचाते हो। तुम नीचे देखकर क्यों नहीं चलते? हम छोटे जरूर है लेकिन हमें भी चोट लगती है। हाथी ने चिंघाड़कर कहा-तुम जैसे कीड़े-मकौड़ों का ध्यान रखना मेरे बस की बात नहीं। तुम तो मेरे नाखून के बराबर हो। दो चार मर भी गए तो क्या फर्क पड़ता है? बेचारा बूढ़ा मेढक उस घमंडी हाथी से क्या कहता। वह चुप हो गया। उसने आस-पास के छोटे जानवरों से बात की। पास के एक बिल में कुछ चूहे रहते थे। मेढक ने चूहों से अपनी समस्या कही। एक चूहा बोला, वैसे तो हम सच में हाथी के नाखून के बराबर ही हैं। लेकिन हम सब मिल जाएँ तो ब? हाथी का मुकाबला भी कर सकते हैं। चूहे पोखर के आस-पास के मच्छरों को जानते थे। उन्होंने मच्छरों से बात की तो वे भी उनका साथ देने के लिए तैयार हो गए। सबने मिलकर एक सेना तैयार की। अगले दिन जब हाथी आया तो सब पहले से तैयार थे। जैसे ही हाथी ने अपनी सूंड नीचे की, एक चूहा उसकी सूंड से चिपक गया। हाथी चौंक गया। तभी दूसरा चूहा सूँड पर उछलकर सीधा आँखों तक पहुँच गया और काटने लगा। हाथी चिल्लाया और तभी मच्छरों की पूरी सेना उस पर टूट पड़ी। हाथी की समझ में नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। वह भागने लगा और मच्छर उसके साथ उसके पीछे-पीछे उड़े। वे तब तक उसे काटते रहे, जब तक कि हाथी गिर नहीं पड़ा। उस दिन के बाद वह कभी वहाँ नहीं आया। इस तरह छोटे-छोटे जानवरों ने मिलकर एक विशाल घमंडी हाथी को हरा दिया।

## 6 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



आप उस व्यक्ति से दोबारा जुड़ाव महसूस कर सकते हैं, इस राशि के जातकों की उनके पुराने पार्टनर से मुलाकात हो सकती है। इस मुलाकात से आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

**वृषभ**



आज ऐसा हो सकता है कि आप उनसे दोबारा जुड़ाव महसूस करें। लेकिन आज के दिन आपकी उनसे मुलाकात नहीं होगी। अपने साथी से वियोग के चलते दुखी हैं।

**मिथुन**



आज का दिन आपके लिए रोमांस के लिहाज से काफी अच्छा है। इसके अलावा आज आप उस व्यक्ति से मिल सकते हैं जो आपके प्रति आकर्षित है।

**कर्क**



आपका अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है। ऐसे में जरूरत होगी कि आप गैर-जरूरी बातों पर ध्यान ना दें। इसके साथ ही अपने साथी पर गुस्सा होने से बचें।

**सिंह**



आपके प्यार की राह में आने वाली बाधाएं दूर होंगी। ऐसे में आप खुद को अपने साथी के और करीब महसूस करेंगे। आपके परिवार वाले भी आपकी बात से सहमत होंगे।

**कन्या**



आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। अपने साथी और दोस्तों के साथ कुछ समय व्यतीत करें।

**तुला**



आपकी व्यवसायिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके लिए आय के नए स्त्रोत बनेंगे। आप एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केन्द्र होंगे।

**वृश्चिक**



आज आपको अपने पार्टनर और परिवार के लोगों से भी प्यार मिलेगा। इसके चलते आज आप पूरे दिन प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। दिन का लुत्फ उठाएं।

**धनु**



आज कोई भी लेन-देन सावधानी से करें। एकतरफा प्यार आपको निराश कर सकता है। योजनाएं आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी।

**मकर**



जल्दबाजी में फैसले न लें खासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए नयी तकनीकों का सहारा लें।

**कुम्भ**



पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। कुछ लोगों के लिए-परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा।

**मीन**



आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा। खर्चों में बढ़ोतरी होगी, जो आपके लिए परेशानी का सबब साबित हो सकती है।

## अनिल कपूर की 'थार' का ट्रेलर रिलीज

# पिता को टक्कर देते दिखे हर्षवर्धन

अनिल कपूर अपने एक्टिंग करियर में एक लंबी पारी खेल चुके हैं। वहीं उनके बेटे हर्षवर्धन कपूर भी उन्हीं के नक्शे कदमों पर चलने के लिए 2016 में एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुके हैं। हर्षवर्धन को फिल्म मिर्ज़्या में देखा गया था। अब काफी समय के बाद वह फिर से दर्शकों के बीच एक अंदाज में हाजिर हो रहे हैं। हर्षवर्धन कपूर को जल्द ही फिल्म थार में देखा जाने वाला है। अब उनकी इस फिल्म का जबरदस्त ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। खास बात तो यह है कि इस फिल्म में उन्हें अपने पिता और मंझे हुए कलाकार अनिल कपूर का भी साथ मिला है। ट्रेलर में पिता और बेटे की इस जोड़ी को काफी रोचक अंदाज में देखा जा रहा है। ट्रेलर की शुरुआत बंजर रेगिस्तान से होती है। जहां इंस्पेक्टर के रूप में अनिल कपूर और कॉन्सटेबल सतीश कौशिक एक मर्डर की जांच कर रहे हैं। इसके बाद ही हर्षवर्धन की एंट्री होती है, जो खुद को एंटीक चीजों का बिजनेसमैन बता रहे हैं। लेकिन हर्ष के आते ही कहानी में सस्पेंस आने लगता है। ट्रेलर देखते ही कई सवालों को जानने की उत्सुकता होने लगती है। राज सिंह चौधरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दंगल गर्ल फातिमा सना शेख को लीड एक्ट्रेस के तौर पर देखा जा रहा है। फिल्म के ट्रेलर को हर्षवर्धन कपूर, सोनम कपूर, फातिमा सना शेख और नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। यह फिल्म 6 मई को नेटफ्लिक्स की जाने वाली है। अनिल कपूर कहते हैं कि मेरा बेटा आगे बढ़े तो मेरे लिए गर्व की बात है। अनिल बोले हर्षवर्धन बहुत मेहनत कर रहा है। मगर अभी उसको सफलता नहीं मिल पाई है।



बॉलीवुड मसाला

# अब ओटीटी पर दस्तक देगी फिल्म द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों पर हुए अन्याय की कहानी दिखाती विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स को दुनियाभर में खूब सराहा जा रहा है। इस फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर धुंधाधार कमाई की थी। ऐसे में लोग काफी लंबे वक्त से फिल्म का ओटीटी पर रिलीज होने का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार ये इंतजार अब खत्म हो चुका है। फैंस की ब्रेसबी को देखते हुए मेकर्स ने फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला किया है। थिएटर्स में धमाल मचाने के बाद अब द कश्मीर फाइल्स ओटीटी पर तहलका मचाने के लिए तैयार है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। हालांकि अभी तक यह नहीं बताया गया है कि फिल्म कब आएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जी नेटवर्क ने इस फिल्म के टीवी राइट्स भी ले लिए हैं और इसे मई में टीवी पर टेलिकास्ट किया जा सकता है, लेकिन अभी तक इसकी डेट सामने नहीं आई है। इस खबर के सामने आते ही फैंस की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रह गया है। विवेक अग्निहोत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने द कश्मीर फाइल्स के ओटीटी पर आने के बारे में बताया है। 1990 में कश्मीरी पंडितों के साथ हुए अन्याय की कहानी को दिखाती इस फिल्म में अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, मिथुन चक्रवर्ती और दर्शन कुमार जैसे सितारे अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। फिल्म को फिलहाल तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डब किए जाने की तैयारियां चल रही है।




बॉलीवुड | मन की बात

# शिल्पा शेट्टी ने मुंबई में शुरू किया अपना VFX स्टूडियो



शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेज में शामिल हैं, जिन्होंने अभिनय के साथ अपने बिजनेस सेंस के लिए भी चर्चा बटोरी है। योग और फिटनेस के लिए मशहूर शिल्पा ने मुंबई में अब एक नया बिजनेस शुरू किया है। शिल्पा ने वीएफएक्स स्टूडियो एसवीएस स्टूडियो शुरू किया है, जिसके तहत बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों को तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जाएगा। वीएफएक्स स्टूडियो के लिए शिल्पा ने इस इंडस्ट्री के वेटरन संदीप माने के साथ हाथ मिलाया है, जो एसवीएस स्टूडियो के प्रबंध निदेशक होंगे। माने को वीएफएक्स इंडस्ट्री में 15 साल का लम्बा अनुभव है। माने ने बाहुबली 2, बाजीराव मस्तानी, पद्मावत, सिम्बा, दंगल, हाउसफुल 3, गोलमान अगेन समेत कई हिट फिल्मों के लिए वीएफएक्स करने वाली टीमों का नेतृत्व किया है। एसवीएस ज्वाइन करने से पहले माने प्राइम फोकस, एनवाई वीएफएक्सवाला और एनिब्रेन में काम किया है। एसवीएस स्टूडियो की फाउंडर चेयरमैन शिल्पा शेट्टी ऑफिस मुंबई के अंधेरी इलाके में स्थित है। उन्होंने कहा कि वीएफएक्स इंडस्ट्री में शुरुआत करके वो उत्साहित हैं। फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा होने की वजह से मुझे अच्छे वीएफएक्स की समझ है, जो किसी फिल्म को बना सकता है या बिगाड़ सकता है। हमारा फोकस भारत और दुनियाभर के प्रोडक्शन हाउसेज के लिए बेहतरीन वीएफएक्स बनाना है। शिल्पा की फिल्मों की बात करें तो जल्द ही निकम्मा रिलीज होने वाली है, जिसमें शिल्पा के साथ अभिमन्यु दसानी हैं और शर्ली सेतिया इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। शिल्पा की पिछली रिलीज फिल्म हंगामा 2 है, जो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आयी थी। इस फिल्म के साथ शिल्पा लम्बे अर्से बाद एक्टिंग में लौटी थीं। इसके अलावा शिल्पा टीवी शोज में भी जज के तौर पर आती रहती हैं। शिल्पा बतौर निर्माता भी बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं। उन्होंने 2014 में आयी ढिश्कियाऊं फिल्म का निर्माण किया था।

# 71 हजार की स्कूटी पड़ी 15 लाख की VIP नंबर जो था उसका!



फोन नंबर हो या गाड़ियों का नंबर, हर आदमी चाहता है कि ये जरा हटकर हो। इसके लिए लोग गाड़ियों पर बिल्कुल अलग तरह से नंबर पेंट कराते हैं या फिर थोड़ा ज्यादा पैसे देकर अपना पसंदीदा नंबर रजिस्टर कराते हैं। अब बात अगर कार की हो, तो भी बात समझ में आती है, एक शख्स ने 71 हजार की होंडा एक्टिवा पर वीआईपी नंबर लिखवाने के लिए हज़ारों नहीं बल्कि लाखों रुपये देकर नंबर रजिस्टर कराया है। ये कारनामा करने वाला शख्स चंडीगढ़ का है। शख्स को शौक था कि उसकी गाड़ी पर बिल्कुल खास नंबर होना चाहिए। इसके लिए उसे कितने भी पैसे खर्च करने पड़ें, उसे कोई गम नहीं होगा। भले ही वो 71 हजार की एक्टिवा पर पसंदीदा नंबर लगाने के लिए 15 लाख रुपये क्यों न खर्च कर दे। आपको सुनकर थोड़ा अजीब लग रहा होगा, लेकिन स्कूटी के मालिक को ये बिल्कुल अजीब नहीं लगा। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चंडीगढ़ के सेक्टर 23 में रहने वाले बृजमोहन ने ये कारनाम करके सुर्खियां बटोर रखी हैं। 42 साल के बृजमोहन ने बताया है कि उन्होंने अपने बच्चे के कहने पर 15.4 लाख रुपये देकर ये नंबर खरीदा है। उनकी होंडा एक्टिवा स्कूटी की कीमत 71 हज़ार रुपये है और इस पर वे 15.4 लाख रुपये में खरीदा गया वीआईपी नंबर CH01-CJ-0001 लगाएंगे। हालांकि उनका कहना है कि वे अब एक गाड़ी खरीदने के प्लान में हैं और वे यही नंबर गाड़ी के लिए इस्तेमाल करेंगे। बृज मोहन ने 14-16 अप्रैल के बीच नीलामी के दौरान ये नंबर खरीदा था। यहां कुल 378 नंबरों की बोली 1.5 करोड़ रुपये में लगी। बृज मोहन का खरीदा गया नंबर CH01-CJ-0001 नीलामी में टॉप पर था। 50 हज़ार के शुरुआती मूल्य के बाद इसे 15.4 लाख रुपये में खरीदा गया। अब तक का सबसे महंगा नंबर साल 2012 में 0001 था, जिसके लिए 26.05 लाख रुपये की बोली लगी थी। हालांकि ये नंबर मर्सिडीज के लिए इस्तेमाल हुआ था, जिसकी कीमत नंबर से 4 गुना ज्यादा थी। बृज मोहन के नंबर से 21 गुना कम स्कूटी की कीमत है।

अजब-गजब | जानिए क्या था मामला

# एक आदमी ने एयरपोर्ट से सालभर में 12 हजार बार शिकायत की

किसी भी इंटरनेशनल एयरपोर्ट और एविएशन सर्विस के लिए शिकायतें मिलना कभी भी अच्छी बात नहीं होती। इससे उनकी रेटिंग, रैंकिंग और पैसेंजर्स की संख्या पर भी असर पड़ने लगता है। ऐसे में सोचिए अगर किसी एक एयरपोर्ट को सालभर में 12 हज़ार से भी ज्यादा शिकायतें मिलें, वो ज्यादातर सिर्फ एक ही आदमी से, तो मामला कितना गंभीर हो जाता है। डबलिन एयरपोर्ट के साथ ऐसा ही हुआ है। हजारों शिकायतों में अगर सैकड़ों मुद्दे निकलकर आएं, तो एयरपोर्ट उसका समाधान करने की दिशा में कदम उठा सकता है। हालांकि यहां पर मामला अलग ही है। ज्यादातर शिकायतें एक ही शख्स ने की हैं और शिकायत भी एक ही है। दिलचस्प बात तो ये है कि एयरपोर्ट के पास इस समस्या का कोई इलाज नहीं है, जो इस शख्स ने उन्हें बताई है।



**एयरपोर्ट से आता है शोर**

डबलिन एयरपोर्ट में साल 2021 में कुल 12,272 शिकायतें एक ही इंसान की ओर से फाइल की गई हैं। इस आदमी ने 90 फीसदी शिकायतों में एक ही बात कही है कि एयरपोर्ट से शोर बहुत होता है। हर दिन शख्स ने करीब 34 कम्प्लेंट्स डाली हैं और सबमें एक ही बात कही गई है। साल 2020 में भी इसी शख्स ने एयरपोर्ट पर 6,227 शिकायतें डाली थीं, जिसमें शोर की बात कही गई थी। ये शिकायतें डबलिन के उत्तर-पश्चिम में मौजूद ओंगार से आती हैं, लेकिन शख्स अपना नाम नहीं लिखता। साल 2019 से लगातार वो शिकायतों की पेटी भर रहा है। इस शख्स की एंट्री से पहले एयरपोर्ट को साल में कुल 1500 नॉइज़ कम्प्लेंट्स आती थीं, जो अब 13 हज़ार से भी ऊपर पहुंच चुकी हैं।

**शोर-शराबे से जुड़ी शिकायतें**

डबलिन एयरपोर्ट अथॉरिटी को इससे पहले भी शोर-शराबे को लेकर शिकायतें मिलती रहीं हैं। जो लोग एयरपोर्ट के पास रहते हैं, उनके लिए ये समस्या बन जाता है। खासतौर पर पोर्टमार्नोक, स्वॉर्ड्स, वार्ड और सेंट मारगैरेट से नॉइज़ की शिकायत आती रही है। एयरपोर्ट के प्रवक्ता के मुताबिक इसके लिए एयरपोर्ट के साथ-साथ आयरिश एविएशन अथॉरिटी भी जिम्मेदार है और इसे इस्तेमाल करने वाली एयरलाइंस भी।

# धार्मिक परिसर के बाहर न आए लाउडस्पीकर की आवाज : सीएम

» नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई

» गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने जारी किया नोटिस, निर्देशों के पालन को कहा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में जिले के जिलाधिकारी और कमिश्नर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की। सीएम ने मंदिर और मस्जिद में लाउडस्पीकर के आवाज को परिसर तक ही रखने का आदेश दिया और कहा कि लाउडस्पीकर की आवाज धार्मिक परिसर से बाहर नहीं आए। इसे जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सुनिश्चित करें। किसी भी समाज के लोगों को असुविधा न हो इसका ख्याल रखा जाए। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि बिना अनुमति के धार्मिक स्थलों पर जुलूस और शोभायात्रा न निकले। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



सीएम के आदेश के बाद गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने कार्रवाई शुरू करते हुए 621 मंदिरों में से 602 मंदिरों, 268 में से 265 मस्जिदों और 16 अन्य धार्मिक स्थलों के धर्मगुरु और कमेटी को नोटिस जारी किया है। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि उच्च न्यायालय के ध्वनि संबंधित निर्देशों का पालन किया जाए। तेज आवाज में लाउडस्पीकर या डीजे बजाया तो कार्रवाई की जाएगी। नोएडा पुलिस ने 217 बारात घरों, 182 में से 175 डीजे संचालकों को भी नोटिस जारी कर तेज आवाज में म्यूजिक न चलाने के निर्देश जारी किए हैं कि जिस परिसर में म्यूजिक बज रहा है उससे बाहर आवाज नहीं जानी चाहिए। धार्मिक जुलूस या शोभायात्रा निकालने से पहले एफिडेविट भी देना होगा जिसमें आयोजक यह स्पष्ट करेगें कि कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण या उग्र प्रदर्शन नहीं होगा और अगर ऐसा होता है तो उनपर नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने सख्त चेतावनी दी है कि लाउडस्पीकर, शोभा यात्रा या किसी भी तरह के धार्मिक जुलूस के लिए अनुमति न दी जाए. साथ ही पुलिस और जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि धार्मिक स्थलों में लगे लाउडस्पीकर आवाज कैंपस से बाहर न जाए।

## दुष्कर्म और हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

» गोली लगने से घायल बदमाश अस्पताल में भर्ती

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

प्रयागराज। आज सुबह हुई मुठभेड़ में एसओजी और पुलिस टीम ने दुष्कर्म और हत्या के आरोपी राजेंद्र सरोज को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश को दो गोलियां लगी हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस टीम ने आज किलनहाई नदी के पास बदमाश राजेंद्र सरोज को घेर लिया। इस पर बाइक सवार अपराधी पुलिस टीम को देख फायरिंग करते हुए भागने लगा। जवाबी फायरिंग में उसके दोनों पैर में गोली लगी और वह गिर गया। उसके पास से तमंचा बरामद हुआ है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बाइक सीज कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया राजेंद्र सरोज कौशांबी में चरवा इलाके के चराई गांव का रहने वाला है। उसने पिछले दिनों एक युवती को दुष्कर्म के बाद मार डाला और उसकी लाश करारी इलाके में फेंक दी थी। तब से राजेंद्र की तलाश की जा रही थी।

## बरेली मानसिक अस्पताल में टेलर की हत्या से सनसनी

» रस्सी से बांधकर जला दिया शव, पुलिस कर रही जांच

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बरेली। जनपद के मानसिक चिकित्सालय में टेलर को बांधने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। फिर शव को जला दिया गया। एक सुसाइड नोट भी मिला है। शव के हुलिए को देखकर पुलिस यही अंदेशा जता रही है कि हत्या को खुदकुशी दिखाने के लिए यह कहानी गढ़ी गई है।

मृतक महेश चंद्र सीबीगंज के जौहरपुर गांव के रहने वाले थे। बेटे अखिलेश ने बताया कि मानसिक चिकित्सालय में पिता वार्ड ब्वाय के समकक्ष कर्मचारी थे। वह टेलरिंग करते थे। मंगलवार को भी वह रोज की तरह ड्यूटी पर गए। शाम सात बजे तक घर नहीं लौटे तो घरवालों को चिंता हुई। बेटी पूजा ने कई फोन किए लेकिन महेश चंद्र का एक भी फोन नहीं



उठा। इसके बाद पूजा ने चिकित्सालय में ही कर्मी चाचा सुनील को पिता के फोन न उठाने की जानकारी दी। पता चला कि महेश चंद्र परिसर से बाहर नहीं निकले हैं। परिसर के कमरा नंबर-4 के सामने महेश का शव अर्धनग्न व जली अवस्था में पड़ा था। उनके दायें कंधे से हाथ तक रस्सी बंधी थी। ऐसे में प्रथमदृष्टया पुलिस यह मान रही है कि हत्या के बाद महेश का शव जलाया गया है। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## फतेहपुर : बस और ट्रैक्टर में टक्कर चार लोगों की मौत, 11 घायल

» कौशांबी से बारातियों को लेकर खागा आ रही थी बस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

फतेहपुर। कौशांबी से बरातियों को लेकर खागा के महटेनी गांव आ रही बस की मंगलवार देर रात ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। हादसे में 15 बाराती गंभीर रूप से घायल हुए। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया।

खागा कोतवाली क्षेत्र के महटेनी गांव निवासी रामबाबू की पुत्री रोशनी की बारात कौशांबी के कड़ाधाम थाने के कमालपुर से आ रही थी। एक स्कूल की मिनी बस में बराती थे। दूल्हा शशिप्रकाश और उनके पिता रामजीत दूसरी कार में थे। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के आरामपुर बसई मोड़ के पास भूसा लदे ट्रैक्टर और बस से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक



तारकेश्वर राय समेत फोर्स पहुंचे। बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला और सीएचसी हथगाम भेजा गया। सीएचसी से कौशांबी जिले के दारानगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक शिवराम, सुमित, बिंदेश्वरी प्रसाद , सूरज, बस कंडक्टर, नीरज , कमालपुर निवासी रामू , इंद्रसेन , प्रिंस, चंद्रपाल, सोहन , दिनेश , गुड्डू , रामू , नरेश , राजेश व दो अज्ञात लोगों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने शिवराम, सुमित समेत चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दो लोगों की पहचान नहीं हो सकी।

### औरैया में ट्रक में घुसी कार सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी की मौत

औरैया। कानपुर-इटावा हाईवे किनारे आज सुबह खड़े ट्रक में एक कार जा घुसी। इसमें कार सवार सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारी की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिम कमलेश बाबू पुत्र सरमन लाल निवासी इटैली थाना अछल्दा एसीपी हवलदार पद से सेवानिवृत्त थे। वह औरैया से इटावा आ रहे थे। अजीतमल क्षेत्र के हाईवे किनारे पेट्रोल पंप के सामने किनारे कच्चे मार्ग पर खड़े ट्रक में पीछे से कार घुस गई। इसमें कमलेश की मौत हो गई। झपकी लगने से वाहन अनियंत्रित होने की चर्चा घटनास्थल पर रही। कार में मिले कागजातों से शिनाख्त होने पर अछल्दा पुलिस को पूरा मामला बताया गया। वहीं ट्रक चालक करमचंद पुत्र सोमई निवासी चकौरा गांव थाना जलालपुर जिला आंबेडकर नगर को हिरासत में लिया गया। कोतवाल सत्य प्रकाश ने बताया कि हादसे की जानकारी मृतक के स्वजन को दी गई है।

## मुसलमानों के मुद्दे पर विपक्ष खामोश !

» 4पीएम की परिचर्चा में प्रबुद्धजनों ने किया मंथन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। देश में मुस्लिम समुदाय के मुद्दों को लेकर विपक्ष खामोश नजर आ रहा है। मुस्लिम संगठनों के वोट पर राजनीति करने वाली पार्टियां भी उनकी बात नहीं रख रही हैं। आखिर अब विपक्ष भी मुस्लिमों के मुद्दे उठाने से क्यों डरने लगा है, खामोश क्यों है? इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल, शीतल पी सिंह, डॉ. सीपी राय, सैय्यद कासिम, प्रो. रविकांत, प्रो. लक्ष्मण यादव और 4पीएम के संपादक संजय शर्मा ने एक लंबी परिचर्चा की।

शीतल पी सिंह ने कहा 84 के बाद ये दो सीटों पर थे। 2014 के बाद से दो बार 300 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आए लोकसभा में। भाजपा का ग्राफ अचानक तेजी से बढ़ा है बीते सात-आठ सालों में क्योंकि इनको तर्क मिल गया है इस मुद्दे को लेकर। एक किस्म की




कट्टरता दूसरे किस्म की कट्टरता को हवा देती है। कांग्रेस के जो अपने राजनीतिक समीकरण है वो उनको हमेशा फसल देते रहेंगे जबकि नीचे से उनकी जमीन निकल गई है। प्रो. रविकांत ने कहा बाबा साहेब आंबेडकर ने कहा है कि सम्मान और स्वाभिमान सर्वोपरि है। आज की तारीख में दबंग जाति के लोग एक बच्चे से अपना पैर चटवा रहे है। उन पर कोई भी ऐसी धारा नहीं लगी है कि सात साल से ज्यादा की सजा होती। अब धर्म निरपेक्षता की बात होती ही नहीं है।

**परिचर्चा**
**रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा**

सैय्यद कासिम ने कहा बंगाल में ममता बनर्जी को चिढ़ाने के लिए जय श्रीराम के नारे लगाए जाते थे। फिर भी ममता सत्ता में आती है। स्टालिन ने ईडब्ल्यूएस का दस फीसदी आरक्षण का कोटा नहीं लिया, बावजूद बहुमत में आते हैं। इस चुनाव में तमाम मुद्दों को छोड़ते चले गए विपक्ष के नेता और भाजपा ने उसका फायदा उठाया। राजेश बादल ने कहा हिंदु-मुस्लिम को लेकर जो सुझाव कभी पहले दिए गए थे, वे आज भी प्रासंगिक है। सवाल यह है कि संविधान जिसकी इजाजत नहीं देता उसे ही भाजपा कर रही है क्योंकि उसको मालूम है कि बहुसंख्यक वोट कितना है। भाजपा संविधान का अपमान कर रही है मगर जो दूसरे दल हैं, बात नहीं कर रहे हैं, वे भी कहीं न कहीं इसके अपराधी हैं। डॉ. सीपी राय ने कहा लड़ाई अल्पसंख्यकों की नहीं है। सारे सवालों पर विपक्ष के नेता मौन है और सत्ता पक्ष इसका भरपूर फायदा उठा रही है। प्रो. लक्ष्मण यादव भी परिचर्चा में शामिल हुए।

## दबंगों ने सब्जी बेच रही महिला को पुलिस के सामने पीटा, गिरफ्तार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। गुडंबा के कुर्सी रोड सब्जी मंडी में खरीदारी के दौरान मोलभाव को लेकर ग्राहक आशीष और दुकानदार श्याम दुलारी में विवाद हो गया। विवाद के दौरान आशीष ने श्यामदुलारी को जमकर पीट दिया। यही नहीं पुलिस के सामने भी आशीष महिला को पीटता रहा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आशीष को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी बहन को हिरासत में लेकर महिला थाने भेज दिया।

» मोलभाव को लेकर भड़का आरोपी, बहन को भी लिया गया हिरासत में

आशीष मंगलवार रात बहन और पिता के साथ कुर्सी रोड सब्जी मंडी खरीदारी करने गए थे। मंडी में तीनों श्यामदुलारी की दुकान पर पहुंचे और सब्जी खरीदने लगे। मोलभाव को लेकर आशीष का श्यामदुलारी से विवाद हो गया। विवाद के दौरान श्यामदुलारी के आशीष ने बाल पकड़े और खींचते हुए पीटने लगा। सूचना पर पीआरवी पहुंची। पुलिस के सामने भी आशीष और उसकी बहन, श्यामदुलारी को पीटते रहे। इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह गौर ने बताया कि श्यामदुलारी की तहरीर पर आरोपित आशीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, आशीष की बहन को हिरासत में लेकर महिला थाने भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा, कहा

# संकट में हैं आपातकालीन सेवाएं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश में फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी में कुछ लोग धक्का लगाते दिखे तो समाजवादी पार्टी के मुखिया व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने घटना का वीडियो शेयर करते हुए सरकार पर सवाल खड़े किए। उनके द्वारा शेयर किए गए वीडियो पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी है।**



दरअसल, अखिलेश यादव द्वारा शेयर किए गए वीडियो में दिख रहा है कि आम लोगों के साथ पुलिसकर्मी फायर ब्रिगेड की गाड़ी को धक्का मारकर आगे बढ़ा रहे हैं। इस वीडियो के साथ अखिलेश ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा कि भाजपा के धक्का मार राज में जनता के लिए बनी उत्तर प्रदेश की आपातकालीन सेवाएं स्वयं ही संकट में हैं। अब ये स्वयं जनता के सहारे हैं। ये कैसा विरोधाभास है। रायबरेली के जगतपुर इलाके से वायरल वीडियो के मामले में पीड़ित युवक से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुलाकात की। अखिलेश ने पीड़ित युवक की मां को एक लाख रुपये का चेक और 21 हजार रुपये नकद देकर उनकी आर्थिक मदद की। पीड़ित परिजनों की मुलाकात क्षेत्रीय विधायक मनोज कुमार पांडे ने अखिलेश यादव से करवाई। बता दें कि रायबरेली में एक दलित युवक का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें आरोपी शख्स दलित युवक के साथ मारपीट कर उससे अपना पैर चटवाते हुए दिखता है। 2 मिनट 30 सेकेंड के इस वीडियो में लड़का जमीन पर बैठा है और उसने अपने कान को पकड़ रखे हैं। आरोपी मोटरसाइकिल पर बैठा और अपना पैर चटवा रहा है। इस घटना को लेकर क्षेत्रीय विधायक मनोज पांडे ने परिजनों को लखनऊ बुलवाया, जहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से उनकी मुलाकात कराई। इस दौरान अखिलेश ने भी परिजनों की पूरी मदद करने वादा किया।



## मुलायम सिंह के समधी समेत 12 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। फिरोजाबाद में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के समधी रामप्रकाश के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। न्यायालय ने आरोपियों को 25 अप्रैल तक गिरफ्तार कर पेश करने के आदेश पुलिस को दिए हैं। आदेश के बाद पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए सक्रिय हो गई है।**

मामला लाइनपार क्षेत्र का है। सितंबर 2018 में नगला विष्णु निवासी वीरेंद्र ने शिकोहाबाद के पूर्व चेयरमैन रामप्रकाश यादव उर्फ नेहरू सहित 15 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इस मामले में पूर्व चेयरमैन सहित अन्य लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया था। स्टे अवधि समाप्त होने के साथ ही सीजेएम न्यायालय ने आरोपियों को नोटिस जारी किए थे, लेकिन जवाब नहीं आने के कारण न्यायालय ने पूर्व चेयरमैन रामप्रकाश यादव उर्फ नेहरू समेत 12 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

## कुमार विश्वास के घर पहुंची पंजाब पुलिस, केजरीवाल पर बरसे

### » कवि ने सीएम मान को चेताते हुए दिल्ली के सीएम पर साधा निशाना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**नई दिल्ली। पंजाब पुलिस आज सुबह कवि व आप के बागी नेता डॉ. कुमार विश्वास के घर कार्रवाई के लिए पहुंची है। इस पर कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाते हुए बिना उनका नाम लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को चेतावनी दे डाली।**

कुमार विश्वास ने ट्वीट कर लिखा, सुबह-सुबह पंजाब पुलिस द्वार पर पधारी है। एक समय, मेरे द्वारा ही पार्टी में शामिल कराए गए भगवंत मान को आगाह कर रहा हूं कि तुम, दिल्ली में बैठे जिस आदमी को, पंजाब के लोगों की दी हुई ताकत से खेलने दे रहे हो वो एक दिन तुम्हें व पंजाब को भी धोखा देगा। देश मेरी चेतावनी याद रखे। पंजाब चुनाव के दौरान कुमार विश्वास के कई बयान जो उन्होंने केजरीवाल और पार्टी के खिलाफ दिए थे काफी सुर्खियों में रहे थे और खासा बवाल भी हुआ था। उन्होंने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया था कि उन्होंने देश को तोड़ने की बात की थी। उन्होंने केजरीवाल से इस पर जवाब भी मांगा था। हालांकि केजरीवाल ने इस पर पलटवार करते हुए खुद को स्वीट आतंकी कहा था जो लोगों के लिए स्कूल और अस्पताल खुलवाता है। पंजाब पुलिस की तरफ से केजरीवाल के खिलाफ बयानबाजी करने वाले नेताओं के खिलाफ लगातार केस दर्ज हो रहे हैं।



फोटो: सुमित कुमार




**प्रदर्शन** राजधानी लखनऊ में मॉल एवेन्यु स्थित बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास के बाहर 69000 शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। नारेबाजी की। इस बीच पहुंची पुलिस ने अभ्यर्थियों को समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने तो पुलिस ने कईयों को हिरासत में लिया।

## मनमानी नोटिस जारी करने पर आयकर विभाग से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के सचिव से पूछा है कि धारा 148 के तहत अवैध और मनमानी नोटिस जारी करने वाले आयकर विभाग के अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी? साथ ही आयकर विभाग के अधिकारियों से भी नोटिस की वैधता के खिलाफ याचिका पर दो हफ्ते में जवाब मांगा है।**

कोर्ट ने कहा है कि जवाब दाखिल न होने पर स्पष्टीकरण के साथ विपक्षी अधिकारी कोर्ट में पेश हों। कोर्ट ने आयकर विभाग द्वारा जारी नोटिस पर लगी रोक बढ़ा दी है। याचिका की सुनवाई 4 मई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने कटियार कोल्ड स्टोरेज प्रा.लि. कंपनी की याचिका पर दिया है।

# आजम के परिवार से मिले जयंत, चढ़ा सियासी पारा

### » सपा से नाराजगी की खबर के बीच आरएलडी अध्यक्ष ने की मुलाकात

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी आज सुबह समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां के घर पहुंचे। यहां पर उन्होंने आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे एवं स्वार सीट से विधायक अब्दुल्ला आजम से मुलाकात की। इसके बाद वो बिलासपुर के लिए रवाना हो गए। जयंत चौधरी की आजम खां के बेटे और पत्नी से ये मुलाकात मौजूदा हालातों में प्रदेश का सियासी पारा बढ़ाने वाली लग रही है, क्योंकि इस मुलाकात के बाद आजम खां के सपा को अलविदा कहने की आशंकाओं की चर्चा ने और जोर पकड़ लिया है।**



हालांकि जयंत चौधरी ने इस मुलाकात को पारिवारिक बताया और कहा कि रामपुर आए थे तो उनकी जिम्मेदारी थी कि वो आजम खां के परिजनों से मिलें। आजम खां के रालोद में शामिल होने के सवाल पर कहा कि ये उनकी मंशा नहीं है वो गठबंधन का धर्म निभा रहे हैं। आजम खां को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष न बनाए जाने के बाद से ही मुस्लिम समाज के लोगों से लेकर आजम खां के करीबियों ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधना शुरू कर दिया है।

आजम खां के मीडिया प्रभारी फसाहत अली खां शानू के बयान के बाद से रोजाना आजम खां के समर्थक कहीं न कहीं कोई प्रदर्शन कर रहे हैं, खून से खत लिख रहे हैं और बयान जारी कर रहे हैं। ऐसे में आजम खां के सपा का साथ छोड़ने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि जब से अखिलेश ने नेता प्रतिपक्ष का पद आजम खां को नहीं दिया है तब से वे लगातार नाराज चल रहे हैं। इस मामले में अखिलेश पूरी तरह चुप है। वहीं ओमप्रकाश राजभर ने दो दिन पहले कहा था कि बेवजह मामले को मीडिया तूल दे रहा है, ऐसी कोई बात नहीं है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।